तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 अब निजी दुकानों से भी खाद लेने के लिए किसानों को टोकन की पड़ेगी जरूरत



## खबर संक्षेप

### मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आज

**कोरबा।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 12.15 बजे तक जिले के कुल 32 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी, जिसमें 9790 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए व्यापम के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी आब्जर्र, केंद्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा 10 बजे प्रारंभ होगी। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार 30 मिनट पूर्व, अर्थात 9.30 बजे, बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने से 2 घंटे 30 मिनट पूर्व पहुंचना आवश्यक होगा।

### रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर कल

**कोरबा।** स्व. रमेश पासवान और स्व. विजय सिंह की स्मृति में कोरबा प्रेस क्लब द्वारा 27 अप्रैल को प्रेस क्लब द्वारा इन दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करने स्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सर्जरी विभाग से डॉ. नितिन टोप्पो एवं डॉ. ईशान मेडिसिन विभागः डॉ. प्रितेश मसीह एवं डॉ. लिजो टी जॉन मौजूद रहेंगे। वहीं रक्तदान शिविर में रक्तदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए डॉ. राजेश कुमार के नेतृत्व में संतोष सिंह, उमा कर्ष, रोहित कश्यप और सूरज सिदार तैनात रहेंगे।

### सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निहारिका स्थित दिव्या ज्वेलर्स में शुक्रवार को हुई थी घटना

# पश्चिम बंगाल के गिरोह ने दुकान में वारदात को दिया था अंजाम, ओडिशा से पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निहारिका स्थित दिव्या ज्वेलर्स में शुक्रवार को तीन महिलाओं ने लाखों का जेवर पार कर दिया था इस मामले को महज 18 घंटे के भीतर सुलझाते हुए पश्चिम बंगाल के गिरोह को पुलिस ने ओडिसा में दबिश देकर धर दबोचा है। पुलिस ने इस गिरोह के तीन महिला दो पुरुष सदस्य सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के

**खास बात**

- साढ़े चार लाख कीमती जेवर व घटना में प्रयुक्त कार जब्त

कब्जे से साढ़े चार लाख कीमती सोने के जेवर और घटना में प्रयुक्त कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निहारिका में दिव्या ज्वेलर्स में शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे 3 महिलाएं जेवर खरीदने के नाम पर दुकान पहुंची थीं। जहां मौका पाकर तीनों महिलाओं ने दुकान में रखे दो सोने की चेन, दो लॉकेट सहित लगभग 28 ग्राम सोने का कुल कीमती लगभग साढ़े 4 लाख का जेवर पार कर दिया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, सिविल लाईन थाना प्रभारी डीएसपी आस्था शर्मा व पुलिस के अन्य टीम छानबीन में जुटी हुई थी। इस बीच आटो चालक की सूझबूझ से पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे थे जिसके आधार पर पुलिस की टीम ने ओडिसा संबलपुर में दबिश दी और नॉर्थ 24 परगना, पश्चिम बंगाल निवासी नासिर मोल्ला पिता नज़रुल इस्लाम, उम्र 41 वर्ष, सजना बीबी पति नासिर मोल्ला, उम्र 40 वर्ष, मिथुन चक्रवर्ती पिता मिलन चक्रवर्ती, उम्र 38 वर्ष, तापसी दास पति चंचल घोष, उम्र 38 वर्ष एवं सेकंड बेरा चांपा, थाना देगंगा, जिला उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल निवासी गुलापी दास पति सुजीत दास उम्र 55 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी गए सोने के जेवर व कार को बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है कि इस गिरोह द्वारा कहां कहां और भी वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने चंद घंटों के भीतर ही मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। जिसमें शहर के अलग-अलग चौक चौराहों में लगे सीसीटी कैमरा पुलिस के लिए अहम कड़ी था। जिससे पुलिस के अफसरों ने शहर के व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने संस्थानों में हाई क्वालिटी के कैमरे जरूर लगाएं।



पकड़े गए आरोपी व जब्त कार।

### शहर के होटल में रुककर की थी रेकी

पश्चिम बंगाल के परगना से पहुंचे अंतर राज्य गिरोह के सदस्य टीपी नगर स्थित एक होटल में रुके हुए थे। जहां इस गिरोह के सदस्य एक दिन पहले ही शहर के पूरे इलाके में रेकी की थी और योजनाबद्ध ढंग से इन्होंने ऐसे ही दुकानों को चुना था जो छोटी दुकान हो जहां से भागने में आसानी हो इसके लिए उन्होंने सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दिव्या ज्वेलर्स का चयन किया था। योजना के मुताबिक गिरोह के तीनों महिलाएं ऑटो में सवार होकर होटल से निहारिका पहुंची थी। जिसके बाद वारदात अंजाम देने के बाद तीनों निहारिका से ऑटो में सवार होकर टीपी नगर पहुंची थी और कुछ देर बाद पहले से ही रेडी उनके साथियों के साथ होटल से चेक आउट लेने के बाद इस गिरोह के सभी सदस्य उड़ीसा संबलपुर की ओर फरार हो गए थे। इस मामले को सुलझाने में सीसीटीवी फुटेज और जिला ऑटो का प्रमुख योगदान रहा था जिससे पुलिस को सुराग मिला था।

### ऐसे वारदात को देते थे अंजाम

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने बताया कि गिरोह के सदस्यों के द्वारा सुनियोजित तरीके से गिरोह बनाकर वारदात को अंजाम दिया जाता था। गिरोह की महिलाएं ग्राहक बनकर ज्वेलरी दुकान में प्रवेश करती थीं और आभूषण देखने के दौरान दुकानदार, कर्मचारियों का ध्यान भटकाती थीं, जबकि उनके साथी मौके का फायदा उठाकर आभूषण चुपचाप अपने कब्जे में लेकर निकल जाते थे।वारदात के तुरंत बाद आरोपीगण वाहन से तेजी से स्थान बदलकर दूसरे शहर, राज्य की ओर निकल जाते थे, जिससे उनकी पहचान एवं गिरफ्तारी कठिन हो सके।

# बिलासपुर से लौट रहा था परिवार, भारतमाला मार्ग पर हुआ पथराव, महिला गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा क्षेत्र में निवास करने वाला एक परिवार शादी समारोह में बिलासपुर गया हुआ था जहां से लौटने के दौरान पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के भारतमाला मार्ग में चलती कार पर पथराव कर दिया, जिसमें कार सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती की आंख में गंभीर चोट आई है। जिसे रायपुर रेफर कर दिया गया है। तो वहीं पुलिस ने मामले में शून्य में अपराध दर्ज कर पड़ोसी जिले को मामला सुपुर्द किया जाएगा।

**खास बातें**

- पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के बलौदा थाना क्षेत्र का मामला
- टसीएसईबी चौकी में शून्य में दर्ज किया गया मामला

जानकारी के मुताबिक कुसमुंडा निवासी मेघा सिंह पति सुजीत सिंह व उनका परिवार कार में सवार होकर बिलासपुर से कोरबा आ रहे थे इस दौरान उन्होंने भारतमाला सड़क मार्ग से उरगा आ रहे थे इस दौरान पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के बलौदा थाना क्षेत्र में देर रात लगभग 11 बजे गाड़ी में अज्ञात युवकों द्वारा पत्थरबाजी की गई। जिससे कार के शीशे से टकराकर अंदर बैठी मेघा की आंख में जा लगी, जिससे उसे गंभीर चोट आई। घायल मेघा को तुरंत कोरबा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां शुरूआती इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे रायपुर रेफर कर दिया। वहीं अस्पताल से मेमो मिलने के बाद सीएसईबी चौकी ने इस मामले में अज्ञात हमलावारों के खिलाफ धारा 125 (क), 324 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। सीएसईबी चौकी प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि मामले को शून्य में दर्ज किया गया है। घटना स्थल पड़ोसी जिले का इसलिए जांच के लिए डायरी पड़ोसी जिले को सुपुर्द किया जाएगा।



घायल महिला।

### संयुक्त कार्यवाही की है जरूरत

कोरबा से बिलासपुर जाने के लिए मुख्य मार्गों की बात करें तो कटघोरा-बिलासपुर मुख्य मार्ग इसके अलावा उरगा, बलौदा, सीपत मुख्यमार्ग जो मौजूदा स्थिति में बलौदा से आगे पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है और गढ्ढों में तब्दील हो चुकी है। ऐसे में ऊर्जाधानी से बिलासपुर जाने के लिए शहर के ज्यादातर लोग भारतमाला मर्ग की चकाचक सड़क का ही इस्तेमाल कर रहे हैं लेकिन यह सड़क अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ है और मार्ग अंधेरा रहता है जंगली रास्ता बीच बीच में पड़ता है। ऐसे में इस तरह से कई घटनाएं सामने आ चुकी है। इसलिए लोगों को इस मार्ग में रात को आते-जाते समय सावधान रहने की जरूरत है, तो वहीं बिलासपुर, जांजगीर, चांपा व कोरबा पुलिस को संयुक्त रूप से इस मार्ग में सख्ती बरतने की जरूरत है।



## खबर संक्षेप

### नर्सरी के बच्चे को कुत्ते ने काटा



**बिलासपुर।** स्कूल की छुट्टी के बाद घर के बाहर खेल रहे नर्सरी के बच्चे को कुत्ते ने नोंच दिया। घटना देवरीखुर्द क्षेत्र की है, स्थानीय निवासी भूषण साहू व उनकी पत्नि मजदूरी का काम करते हैं, सुबह दोनों काम में गए थे, इस दौरान उनका बेटा घर में था। स्कूल की छुट्टी होने के कारण बाहर सड़क पर खेल रहा था, मोहल्ले के ही कुत्ते ने उसे पूरी तरह से नोंच दिया, जिससे बच्चा घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती किया गया है।

### अकलतरा जा रहा युवक हादसे का हुआ शिकार

**बिलासपुर।** काम की तलाश में बिलासपुर से अकलतरा जा रहे युवक की ट्रेन से गिर गया, इस दौरान लोकल ट्रेन की चपेट में आने के कारण उसका एक पैर कट गया है। गंभीर हालत में युवक को सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक है। घटना जांजगीर जिले के अंतर्गत कोटमी सुनार की है। बिलासपुर के मोपका गोड़पारा में रहने वाला बजरंग कश्यप पिता मुनीराम कश्यप कई दिनों से काम की तलाश में था। वह गुरूवार को काम के लिए अकलतरा गया था। इस दौरान लोकल ट्रेन से कोटमी सुनार के पास वह हादसे का शिकार हो गया, जिसे जीआरपी के पुलिसकर्मियों ने जांजगीर में भर्ती कराया, लेकिन उसकी हालत नाजुक होते ही शनिवार को सिम्स रिफर कर दिया गया है। युवक का इलाज सिम्स में जारी है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### पत्नी ने की खुदकुशी पति पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** आए दिन की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि मन्नाडोल निवासी शीखा ठाकुर का पति सुरेन्द्र सिंह आए दिन शराब पीकर घर आता था और मारपीट करता था। मारपीट करने से प्रताड़ित होकर शीखा ठाकुर ने 27 अगस्त 2025 को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने पति सुरेन्द्र सिंह के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बलौदा मार्ग में खड़े ट्रकों से चोरों ने पार किया टायर और बैटरी

**अकलतरा।** नगर के बलौदा मुख्य मार्ग पर खाटू श्याम मंदिर के पास पर खड़े दो ट्रकों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए कीमती टायर और बैटरियां पार कर दीं। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रहसबेड़ा निवासी ट्रक मालिक राज मोहन भारद्वाज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके दो ट्रक क्रमांक सीजी 10 डीए 2248 एवं सीजी 10 बीएस 5851 खाटू श्याम मंदिर के पास खड़ा था। 24 अप्रैल की रात जब वे पेपर बनवाने गए तब गाड़ियां सुरक्षित थीं। लेकिन 25 अप्रैल की सुबह 4 बजे जब वे वापस लौटे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

**सड़क का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने की संभावना**

**1.30 किलोमीटर की सड़क चौड़ीकरण और डामरीकरण के लिए 1.84 करोड़ रुपए का टेंडर किया गया**

# जाम से मिलेगी मुक्ति, देवकीनंदन चौक से महामाया चौक तक की सड़क होगी 80 फीट चौड़ी



**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र अब पूरी तरह जाम के गिरफ्त में आ गया है। खास तौर पर महामाया चौक से रामसेतु चौक और उसके बाद देवकीनंदन चौक तक गाड़ियों की कतार हमेशा देखी जा सकती है।

अब इस सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही सड़क को पूरी तरह डामरीकरण होगा। अब देवकीनंदन चौक से महामाया चौक तक 1.30 किलोमीटर की सड़क के चौड़ीकरण और डामरीकरण के लिए 1.84 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है। इसका टेंडर भी कर दिया गया है। यह कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है और सड़क का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने की संभावना है। कहा जा रहा है कि सड़क 80 फिट की होगी और दोनों तरफ नालियां भी बनाईं जाएंगी। इसके दायरे में आने वाले कब्जे भी हटाए जाएंगे। शहर का महामाया चौक एक अत्यंत व्यस्त और व्यावसायिक क्षेत्र है, जहाँ भारी ट्रैफिक और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। रतनपुर रोड पर स्थित यह चौक शहर का प्रमुख जंक्शन है, जहाँ आम दिनों में भी लंबी वाहनों की कतारें देखी जा सकती हैं।

व्यस्त इलाके होने के कारण, अक्सर सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग या अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। इससे आगे बढ़ने पर रामसेतू चौक पर जाम मिलता है। इसके साथ ही सड़कें संकरी होने के कारण अधिक परेशानी होती है। सड़कों पर गढ्डे भी बहुत है। सड़क को बनाने की मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी। अब इसका टेंडर कर दिया गया है।

### राम सेतु में अब अधिक हो रही परेशानी

सरकंडा महामाया चौक और रामसेतू चौक में चारों दिशाओं से आने वाले वाहनों के 30-30 सेकेंड का पीक ऑवर यानि ड्यूरेशन टाइम सेट है। यातायात का दबाव मुख्य रूप से इंदिरा सेतु और सीपत चौक से आने वाले लोगों का अधिक रहता है। जबकि पुराना सरकंडा मार्ग से आने और सीपत चौक की ओर जाने वालों के लिए भी रेड सिग्नल बाध्यता है। यानि सीपत चौक की ओर जाने वालों को जब तक सिग्नल ग्रीन नही होता तक तक चौक पर खड़ा होना पड़ता है। यहां के लेफ्ट टर्न तो जैसे है ही नहीं।

### अधिकांश चौराहों में जगह ही नहीं

शहर में कई सड़कों पर जाम लगने लगा है। ऐसा सुबह या शाम के वक्त देखा जा रहा। कई मुख्य प्वाइंट से ट्रैफिक पुलिस नदारद होती है। इसका खामियाज आम लोगों को भुगतान पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी फिलहाल अरपा पार में है। हर चौक में गाड़ियां फंस रही हैं। कई चौकों में तो जगह ही नहीं है। सरकंडा इलाके में जाम की समस्या से निपटने के लिए अरपा के पुराने पुल से लगे हुए टू लेन पुल का निर्माण किया गया है। इसके बाद भी इंदिरा सेतु पुल में जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है।

### 4 किमी का सफर एक घंटे में तय हो रहा

देखा जाए तो अरपा पार सरकंडा का क्षेत्र अब नया जाम जोन बनता जा रहा है। एक समय ट्रैफिक के लिहाज से स्मूथ इस क्षेत्र में अब वाहनों की भीड़ हो गई है। जिला प्रशासन, नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस कोशिश कर रहे हैं लेकिन फिलहाल कोई रास्ता नहीं निकल रहा है। हाल यह है कि महामाया चौक से राजकिशोरनगर चौक तक 4 किमी की यात्रा तय करने में लोगों को एक घंटे से अधिक का समय लग रहा है। किसी चौक पर जाम लग गया तो तब तो स्थिति और खराब हो जाती है। खास तौर पर शाम को महामाया चौक, रामसेतू चौक, अशोक नगर चौक, चांटीडीह चौक, साइंस कालेज चौक, बहतराई चौक और बसंत विहार चौक में तो जाम लगना तय है।

### कर दिया गया है टेंडर

महामाया चौक से रामसेतु चौक और उसके बाद देवकीनंदन चौक तक जाम लगने की शिकायत रही है।यहां की सड़कों को चौड़ी करने के साथ ही डामरीकरण किया जाएगा। इसके लिए 1.84 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है। इसका टेंडर भी कर दिया गया है। यह कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है और सड़क का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने की संभावना है।

- श्रीमती पूजा विधानी, महापौर

**मेरठ से चोरी करने शहर आए थे दोनों पेशेवर चोर**

# 20 दिन कैम्प कर पुलिस ने मेरठ से दो पेशेवर चोरों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

20 दिन कैम्प कर पुलिस ने मेरठ से साकेत अपार्टमेंट में चोरी करने वाले दो पेशेवर चोरों को पकड़ लिया है। उनके पास से चोरी गए जेवर बरामद किए गए हैं। दोनों चोर मेरठ से चोरी की बाइक से शहर आए थे।



28 सितंबर 2025 को साकेत अपार्टमेंट के फ्लैट नम्बर एल 201 एवं बी 15 रियल हेवन के एक फ्लैट में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। एक मकान से रूबी के हार व कीमती सोने के जेवर की चोरी हुई थी। दूसरे दिन एसएसपी रजनेश सिंह ने दोनों मकानों का मुआयना करने के बाद सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को टीम बनाकर चोरों को पकड़ने का निर्देश दिया गया। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पूर्व में दो तीन बार पुलिस की टीम दिल्ली गई थी, किन्तु तीनों बार टीम बैरंग लौट आई थी। श्री परिहार लगातार संदिग्धों की पतासाजी करने तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर रहे थे। इस बार साक्ष्य एकत्रित होने पर पुलिस की टीम को दिल्ली मेरठ भेजा गया। टीम 20 दिन से कैम्प कर दिल्ली मेरठ में चोरों की पतासाजी कर रही थी। इस दौरान कई पुलिसकर्मी बदले गए। भारी मशक्कत के बाद पुलिस ने शातिर चोर मेरठ निवासी ताज मोहम्मद पिता इलियास मोहम्मद व उसके साथी को पकड़ लिया है। दोनों को ट्रांजिट रिमांड में शहर लाया जा रहा है। आरोपियों के कब्जे से कुछ सोने के जेवर बरामद किए गए हैं।

### चोरी की बाइक से आए थे शहर

पेशेवर दोनों चोर मेरठ में बाइक चोरी करने के बाद उसी बाइक से बिलासपुर आए। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद कीमती जेवर लेकर एक युवक ट्रेन से दिल्ली गया और दूसरा उसी बाइक से सड़क मार्ग होते हुए दिल्ली गया था। दिल्ली से बिलासपुर आते समय रास्ते में दोनों ने कई चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

### सरगना के खिलाफ 47 मामले दर्ज

एएसपी पंकज कुमार पटेल ने बताया, मुख्य आरोपी ताज मोहम्मद कुख्यात व शातिर प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ विभिन्न राज्यों के अलग अलग थानों में चोरी एवं लूट के 47 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं।

### खरीददार तिहाड़ जेल में

बताया जाता है दोनों युवक यहां से चोरी करने के बाद दिल्ली गए और कीमती जेवरों को बेच दिया था। खबर है कि वर्तमान में खरीददार किसी मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। बहरहाल दोनों चोरों के शहर आने पर पूछताछ के बाद मामले का खुलासा होगा।

# घुनघुट्टा नदी में डूबने से मामा-भांजी की मौत, परिवार के साथ गए थे घूमने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





बिलासपुर रोड स्थित घुनघुट्टा नहीं में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब परिवार के साथ घूमने गए मामा-भांजी नदी के गहने पानी में डूब गए। दोनों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार नमनाकला निवासी सिम्मी सोनी आ. ईश्वर सोनी (12 वर्ष) रायपुर स्थित अपने घर में रहकर पढ़ाई करती थी। गर्मी की छुट्टी होने पर सिम्मी नमनाकला स्थित अपने घर आई हुई थी। शनिवार को सिम्मी सहित परिवार के लगभग 5-6 लोग घूमने के लिए शहर से लगे बिलासपुर रोड समीप घुनघुट्टा नहीं गए थे। शाम को सिम्मी स्नान करने के लिए नदी में उतरी तभी पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। इधर भांजी को पानी में डूबता देख घुटरापारा चांदनी चौक निवासी मामा विनीत सोनी आ. राधव सोनी भांजी को बचाने के लिए नदी में उतर गया लेकिन उसे नदी की गहराई का पता नहीं होने से वह भी डूबने लगा। मामा-भांजी को पानी में डूबता देख परिजन शोर मचाने लगे जिससे आसपास मौजूद ग्रामीण व राहगीर मौके पर पहुंच कर किसी तरह दोनों को बाहर निकाला। परिजन तत्काल दोनों को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मामा-भांजी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीएम के लिए दोनों शव को मरच्यूरी में रखवा दिया है। इधर एक साथ एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत हो जाने से परिवार सहित मोहल्ले में शोक का माहौल है।

### केशवनगर समीप एनएच पर हुए सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-बिश्रामपुर मुख्य मार्ग एनएच-43 पर केशवनगर समीप शनिवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राकेश मिंज के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार, राकेश मिंज बिश्रामपुर से अपने घर केशवनगर की ओर बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान तेज धूप के बीच किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी,हादसे के बाद वे गंभीर रूप से घायल हो गए,सूचना मिलते ही बिश्रामपुर थाने की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, राकेश मिंज प्राथमिक शाला हरिजनपारा तेलईमुड़ा में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे,वे शिक्षिका सलोमी लकड़ा के पति थे,घटना के बाद से क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित है।

# गंभीर अपराधों में संलिप्त 250 आरोपी पुलिस के रडार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



गंभीर अपराध में संलिप्त 250 नए आरोपी पुलिस की रडार पर हैं। पुलिस इन अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार निगाह रख रही है। इसी तरह 80 अपराधियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर जिले में आदतन अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध और सख्त कार्रवाई प्रारंभ की गई है। यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि अपराधियों के संपूर्ण नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में एक सुनियोजित एवं कठोर पहल है। अभियान में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में ऐसे 250 आदतन अपराधियों को चिन्हित किया गया है, जो पूर्व में अवैध हथियार देशी कट्टा, पिस्टल, एवं मारपीट के गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे हैं, जिनके विरूद्ध पिछले एक साल में थानों में शिकायत प्राप्त हुई है। इन सभी पर सतत निगरानी रखते हुए उनके ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। उनकी प्रत्येक गतिविधियों का सूक्ष्म विश्लेषण किया जा रहा है। जांच में ऐसे अपराधियों की भी सूची तैयार की गई है, जो पूर्व में संगठित अपराधिक गिरोह जैसे खनिज माफिया, ड्रग माफिया, भू माफिया, शराब तस्करी गिरोह में शामिल थे। पुनः उनके गतिविधियोंकी जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियों एवं अवैध हथियार रखने वाले 80 अपराधियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट व बीएनएस की धाराओं के कठोर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। समय समय पर अपराधियों की नकेल कसने के लिए पुलिस यह अभियान चलाती रहेगी, जिससे कि जिले में कोई भी सामाजिक तत्व अपराध करके बच ना पाए। समस्त चिन्हित अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी है कि भविष्य में किसी भी प्रकार के आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर उनके खिलाफ सामान्य कानूनी कार्रवाई नहीं बल्कि उनकी संगठित अपराध गिरोह में रहकर अपराधी गतिविधियों से एकत्र की गई संपत्ति भी जब्त की जाएगी।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवकों ने पति पत्नी के साथ की मारपीट

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर युवकों ने पति पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी है। गंभीर रूप से घायल पति को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा प्रभात चौक निवासी सनत सारथी पिता लक्ष्मण सारथी 24 अप्रैल की रात 12 बजे खाना खाकर घर के पास टहल रहे थे। इसी दौरान विक्की अहिरवार अपने साथियों के साथ आया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का, डंडा से मारपीट करने लगा। उसकी पत्नी रेखा व मोहल्ले के बेदू विश्वकर्मा, सोनी सिंह ठाकुर, तिलकदास मानिकपुरी आए तो उनके साथ भी जमकर मारपीट की गई है। गंभीर रूप से घायल सनत सारथी को इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सनत सारथी की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लिवइन में बच्चे होने के बाद शादी से इनकार, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लिवइन में रहने के दौरान 5 माह का बच्चा हो गया। उसके बाद युवक ने युवती से शादी करने से इनकर कर दिया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ग्राम अमने निवासी विरेन्द्र यादव पिता बालाराम यादव के साथ प्रेम संबंध होने पर लिवइन में दोनों साथ में पति-पत्नी की तरह रहने लगे। इस दौरान दोनों का पांच माह का बच्चा हो गया। युवती ने शादी करने का दबाव बनाई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर विरेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## हाइवा से कुचलकर मासूम बच्चे की मौत



**बिलासपुर।** बेलगाम हाइवा से कुचलकर एक मासूम बच्चे की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया कि यूपी बांधा निवासी सुरेश शुक्ला अपने परिवार के साथ अपने भाई चिस्दा निवासी कमलेश शुक्ला के घर आए थे। एक घण्टा बाद उनका 5 साल का बेटा सतीश दुकान जा रहा था। सड़क पार करते समय बेलगाम हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीयू,8567 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बच्चे को चपेट में ले लिया। जिससे उसकी कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा राशि की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। प्रशासन की ओर से 25 हजार रुपए सहायता राशि देने पर चक्काजाम समाप्त हुआ है। पुलिस ने हाइवा जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## जनगणना कर्मचारी 1 से घर घर करेंगे सर्वे

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के संबंध में बताया कि इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी, जिससे विकास योजनाओं की सटीक रूपरेखा तैयार हो सके। श्री अग्रवाल ने जानकारी दी कि जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य घर-घर जाकर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्व-गणना पूरी तरह ऐच्छिक है, जिसमें नागरिक ऑनलाइन पोर्टल से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

स्व-गणना करने पर एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक के साथ साझा करना होगा। यदि कोई व्यक्ति स्व-गणना नहीं करता है, तो भी प्रगणक निर्धारित अवधि में घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी एकत्रित करेंगे।

# मॉल में शापिंग करने गई महिला के गले से सोने का हार पार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** 36 सिटी मॉल में शापिंग करने गई महिला के गले से चोरों ने सोने का हार पार कर दिया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कोरबा जमनीपाली एनटीपीसी कालोनी कावेरी विहार निवासी मीनाक्षी सिंह पति मुकेश कुमार सिंह 19 अप्रैल को अपने परिवार के साथ मंगला शिक्षक कालोनी आई थीं। 21 अप्रैल की रात 9 बजे वे अपने पति के साथ 36 सिटी मॉल शापिंग करने गई थीं। मॉल स्थित फैशन सिटी दुकान से कपड़े खरीदने के बाद 9.30 बजे सीढ़ियों से नीचे उतरीं और सुरक्षा गार्ड से बिल चेक कराने के बाद रैम्प से अपनी गाड़ी ओर जा रही थीं। इसी दौरान उन्हें गले में हाथ लगाने पर जानकारी हुई 75 ग्राम वजनी सोने का हार चोरी हो गया था। उन्होंने मॉल परिसर और आसपास में तलाश की किन्तु हार नहीं मिला। चोरी गए हार की कीमत 4 लाख 95 हजार रुपए बताई जा रही है। उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाने मे दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाल ली रकम

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर निवासी उषा राठौर पति स्व. मनीलाल राठौर ने 23 अप्रैल को शाम 4.30 बजे मुंगेली नाका लूथरा हास्पिटल रोड स्थित एमटीम से 10 हजार रुपए निकाला। कार्ड मशीन में फंस गया। इसी दौरान पीछे खड़े दो युवकों ने मदद करने के बहाने कार्ड निकालकर देने के दौरान बदलकर दूसरा कार्ड थमा दिया। उसके बाद उनके कार्ड से सरकण्डा के एटीएम से 3 बार में 30 हजार रुपए निकालकर उनके एटीएम को ब्लाक कर दिया गया है। एटीएम से पैसा निकलने का मैसेज आने पर उन्हें जानकारी हुई। पुलिस ने उनके रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# रफ्तार का कहर, स्कूटी सवार शिक्षिकाओं को ट्रक ने कुचला एक की मौके पर मौत, दूसरी का अस्पताल में इलाज जारी



**वाड्रफनगर।** वाड्रफनगर–रामानुजगंज मुख्य मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। स्कूल जा रही दो शिक्षिकाएं तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गईं, जिसमें एक शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल का शिक्षिका अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रही है।

जानकारी के अनुसार, करमडीहा स्कूल में पदस्थ शिक्षिकाएं रामकली मिंज लैब सहायक और रजनी केवट शनिवार की सुबह स्कूटी से विद्यालय जा रही थीं। जैसे ही शिक्षिकाएं बसंतपुर थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों शिक्षिकाएं सड़क पर दूर जा गिरीं। दुर्घटना में रामकली मिंज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रजनी केवट गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल शिक्षिका को तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम द्वारा इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, रजनी केवट की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें लगातार निगरानी में रखा गया है। इधर घटना के बाद चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही बसंतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### लोगों में आक्रोश, सड़क सुरक्षा की मांग

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड कंट्रोल के लिए इंतजाम किए जाएं, ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में चेतावनी संकेत व स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं।

## खबर संक्षेप

### लाइन हाजिर हुए साइबर सेल प्रभारी समेत दो प्रधान आरक्षकों का सूरजपुर जिले से बाहर तबादला

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के कुमेली घाट जुआ प्रकरण में दो दिन पूर्व लाइन हाजिर किए गए साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश यादव एवं दो प्रधान आरक्षक आनंद सिंह व उदय सिंह को आईजी ने जिले से बाहर तबादला कर दिया है। 24 अप्रैल को आईजी कार्यालय से जारी आदेश में सूरजपुर जिले के पूर्व साइबर सेल प्रभारी रहे राकेश यादव को सूरजपुर से जिला जशपुर, प्रधान आरक्षक क्रमांक 50 आनंद सिंह को सूरजपुर से जिला बलरामपुर एवं प्रधान आरक्षक क्रमांक 165 उदय सिंह को सूरजपुर से जिला एमसीबी स्थानांतरित किया गया है। उक्त तबादला आदेश प्रशासनिक आधार पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यंत तक स्थानांतरित किए जाने का उल्लेख किया गया है। साथ ही आदेश में सूरजपुर एसएसपी को उपरोक्त कर्मियों को नवीन पदस्थापना स्थल के लिए तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर अवगत कराने निर्देशित किया गया है।

### स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक संघ ने विवादित प्रदेश उपाध्यक्ष को हटाया

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने उत्तरदायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के मामले में सरगुजा क्षेत्र के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश जायसवाल को उनके पद से हटा दिया है। संगठन ने पूर्व उपाध्यक्ष को अपने निजी वाहन में लगाए गए प्रदेश उपाध्यक्ष का बोर्ड तत्काल हटाने का निर्देश दिया है साथ ही उनके किसी भी कार्य या वक्तव्य के लिए उत्तरदायी नहीं होने का उल्लेख किया है। मालूम हो कि कुछ दिनों पूर्व युवकों ने आपत्तिजनक स्थिति में उन्हें पकड़ा था तथा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप उनके विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की थी। सोशल मीडिया में घटना वायरल होने पर संगठन ने संविदा शिक्षक को प्रदेश उपाध्यक्ष पद से हटा दिया है।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

**राजपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक वाड्रफनगर में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ममता यादव, प्रदेश सचिव हरिहर प्रसाद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, राजकुमार यादव, संभागीय अध्यक्ष परमानंद यादव तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी यादव उपस्थित रहे।प्रदेश पदाधिकारियों की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष ब्यासमुनि यादव एवं कार्यकारी अध्यक्ष रामाधार यादव ने वाड्रफनगर विकासखंड की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। विजेंद्र यादव को ब्लॉक अध्यक्ष, आलोक यादव को युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष, लाल बहादुर यादव को कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा संजीव यादव एवं गिरवर यादव को जिला उपाध्यक्ष, अर्जुन यादव, पीतांबर यादव एवं उपेंद्र यादव को जिला महामंत्री तथा मुरारी यादव एवं शिवशंकर यादव को वाड्रफनगर विकासखंड संरक्षक बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संभागीय उपाध्यक्ष के रूप में चंद्रशेखर उर्फ बाबर यादव एवं अखंड यादव को नियुक्त किया गया हैं वहीं युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप यादव को नियुक्त किया गया हैं तथा रमेश यादव दलधोवा को बलरामपुर संरक्षक नियुक्त किया गया। बैठके दौरान महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष द्रौपदी यादव, जिला संरक्षक राम बिहारी यादव, श्यामधारी यादव, सुनेश्वर यादव, अखिलेश यादव, राधेश्याम यादव, अश्वनी यादव, अमित यादव, कामख्या यादव, राजधान यादव, उमा शंकर यादव, दयाली यादव, डीपी यादव, महेंद्र यादव, केदार यादव, भूतनाथ यादव, विद्याधर यादव, शुभम यादव, दीपक यादव, ठेकेदार बासदेव यादव, शोभचंद यादव, रामप्यारे यादव, रामनाथ यादव सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** कुनकुरी थाना अंतर्गत ग्राम खजूर बहार निवासी संजय एक्का आ. स्व. बेलजामिन एक्का (35 वर्ष) गुरूवार को तपकरा अंतर्गत ग्राम मकसपाली निवासी बहर के ससुराल गया था। दूसरे दिन बाइक से अकेल घर वापस लौटने लगा और जैसे ही खजूर बहार और रेमते के बीच नदी के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मौके पर ही अचेत हालत में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को संजीवनी 108 वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह निवासी घुरन राम आ. टोरी (45 वर्ष) सोमवार को परिवार के सदस्य गांव में शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घूरन राम ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया और डिब्बा को हाथ में पकड़ कर रखा था। इसी बीच भतीजा श्याम घर पहुंचा तो चाचा के हाथ में कीटनाशक का डिब्बा व चाचा की तबीयत बिगड़ते देख घटना की सूचना परिजन को दी।

# पसान और कोरबी में भी सहकारी बैंक की शाखा खोलने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के पसान और कोरबी भी में भी जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की मांग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने की है। वर्तमान में जिले में सहकारी बैंक की 8 शाखाएं हैं किन्तु 6 शाखाओं से ही किसानों को लेन देन की सुविधा दी गई है। बैंकिंग की सुविधा नहीं होने से किसानों को 50 से 60 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है।

लंबे समय से जिले में जिला सहकारी बैंक की 8 शाखाएं ही संचालित हैं। जिनमें बालको और एनटीपीसी डिपाजिट शाखा होने के कारण इन शाखाओं से किसानों को लेनदेन की सुविधा नहीं रहती है। शेष 6 शाखा ही ऐसी है जिनके उपर 60 हजार से अधिक किसानों का लेनदेन निर्भर रहता है। परिणाम स्वरूप भुगतान के लिए किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। वहीं बैंक प्रबंधन को भी ऋण की वसूली के लिए भी दुरस्थ वनांचल क्षेत्रों का दौरा करना पड़ता है। इन क्षेत्रों से ऋण की वसूली करना दूरी अधिक होने के कारण प्रबंधन के लिए चुनौती बना रहता है। कई बार ऐसे दुरुस्त क्षेत्रों के किसान लोन वसूली के भय से अपना धान भी नहीं बेचते। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड जिले का सबसे बड़ा विकासखंड होने के कारण इसके दो क्षेत्रों में बैंक की शाखा खोलने की मांग पुरानी है। जिनमें कोरबी और पसान शामिल हैं। कोरबी की पोड़ी उपरोड़ा बैंक शाखा से दूरी 80 किलोमीटर पड़ती है। वहीं पसान से इसकी दूरी 60 किलोमीटर पड़ती है। इन दोनों क्षत्रों के किसानों को लोन से लेकर अन्य लेन देन के लिए लंबी दूरी का सफर करना पड़ता है। बैंक प्रबंधन के द्वारा भी दोनों क्षेत्रों की दूरी को लेकर बैंक की आवश्यकता जताई है।

### 6 सहकारी बैंकों के भरोसे किसानों को होता है भुगतान



#### करतला में हुई घोषणा पर अमल नहीं

पूर्व सरकार के समय करतला विकासखंड में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की घोषणा भी की गई थी। उस घोषणा पर अब तक अमल नहीं हुआ है। जबकि जिले में सबसे अधिक धान का उत्पादन करतला ब्लाक में होता है। इस ब्लाक के किसानों को कोरबा चांपा मार्ग में स्थित बरपाली के सहकारी बैंक की शाखा में किये जाने के कारण यहां के किसानों को भी 40 से 50 किलोमीटर दूरी का सफर तय करना मजबूरी हो जाती है।

### आरबीआई के हैं अपने मापदंड

किसी भी बैंक की शाखा खोलने के लिए आरबीआई के अपने मापदंड हैं। उन मापदंडों पर खरा उतरने के बाद ही बैंक की शाखा खोली जाती है। करतला विकासखंड में सहकारी बैंक की शाखा नहीं खोलने के पीछे आरबीआई के यही कड़े मापदंड सामने आए हैं। जिसकी वजह से करतला में घोषणा के 5 साल बाद भी सहकारी बैंक की शाखा नहीं खुल सकी है।

## अभी भी 6 राइस मिलर्स ने नहीं जमा किए अपने कोटे के चावल

# विपणन विभाग में चावल जमा करने का समय हुआ खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विपणन विभाग में राइस मिलरों को अपने कोटे का चावल जमा करने का समय 25 अप्रैल तक दिया गया था, जो शनिवार को समाप्त हो गया। अभी भी 6 राइस मिलर्स ऐसे हैं जो अभी भी अपने हिस्से का चावल नहीं जमा किए हैं। इससे पीडीएस दुकानों में चावल का संकट बना हुआ है।

**खास बात**

- पीडीएस दुकानों में चावल का भंडारण नहीं होने से लोग लौट रहे बैरंग

शासन के द्वारा प्रदेश के राइस मिलरों को समय सीमा में चावल जमा करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए सभी जिलों के लिए अलग-अलग तिथि तय की गई है। कोरबा जिले में इसके लिए 25 अप्रैल को तिथि तय थी। इस तिथि तक जितने राइस मिलरों से अनुबंध हुआ था उनको अपने हिस्से का चावल नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में जमा करना था लेकिन इस तिथि तक भी सभी राइस मिलर्स चावल जमा नहीं कर सके हैं। जिनकी संख्या 6 बताई गई है। विपणन विभाग का कहना है कि अधिकांश राइस मिलरों ने चावल जमा कर दिया है। लेकिन जिस तरह से पीडीएस दुकानों में चावल का संकट बना हुआ है उससे विभाग के दावे पर भी सवाल खड़े होते हैं। अभी पीडीएस दुकान में 3 माह का चावल नहीं दिया जा रहा है। हितग्राहियों को एक माह का चावल लेकर ही चलता कर दिया जा रहा है। कई ऐसे पीडीएस दुकान हैं जहां एपीएल हितग्राहियों को बिना चावल लिए लौटना पड़ रहा है। विपणन विभाग की मानें तो 2-3 दिन में सभी चावल जमा कर दिए जाएंगे।



फाइल फोटो

### सामान्य सभा में भी उठा था मामला

जिला पंचायत की सामान्य सभा में भी चावल संकट का मुद्दा जिला पंचायत सदस्यों ने उठाया था। उनका कहना था कि तीन माह का चावल तो दूर एक माह का चावल भी सभी हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है। बैठक में उपस्थित जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम कंवर मई महीने में तीन माह का चावल एक साथ देने की जानकारी दी है। सदस्यों का कहना था कि वर्तमान में किस माह का चावल दिया जा रहा है यह भी हितग्राहियों को नहीं बताया जाता। इस पर सीईओ जिला पंचायत ने खाद्य अधिकारी को विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

### दुकान संचालकों ने निकाला तोड़

कुसमुंडा क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार वहां के दुकान संचालकों ने चावल संकट का तोड़ निकाल लिया है। जिसके अनुसार हितग्राहियों को दो माह का चावल और एक माह का पैसा दे दिया जा रहा है। ऐसी व्यवस्था अन्य क्षेत्र के पीडीएस दुकान संचालकों ने भी की है। यह स्थिति एपीएल व बीपीएल हितग्राहियों के सामने आई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भंडारण की व्यवस्था अभी भी शहरी क्षेत्र की तुलना में चरमराई है। जिसके सुधार के लिए खाद्य विभाग के अधिकारी अपने मैदानी अमले के साथ लगे होने के बावजूद सुधार नहीं ला पा रहे हैं।

### जमा हो रहा है चावल

जिले के राइस मिलरों को 25 अप्रैल तक चावल जमा करने का समय दिया गया था। अधिकांश मिलर्स ने चावल जमा कर दिए हैं। 6 मिलर्स ऐसे हैं जो अब तक चावल जमा नहीं किए हैं।

-ऋतुराज, जिला विपणन अधिकारी

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस पर तीखा हमला




प्रेस वार्ता लेते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर जोरदार निशाना साधा।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर अपनी संकीर्ण और महिला-विरोधी मानसिकता उजागर की है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को अधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्ष ने इसे रोककर मातृशक्ति के अधिकारों के साथ अन्याय किया है। भाजपा वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम और राष्ट्र सेवा के भाव से कार्य करती है तथा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से यह विधेयक लाया गया था, लेकिन विपक्ष ने विकास की हर पहल में बाधा डालने की अपनी प्रवृत्ति के तहत इसका विरोध किया। भाजपा ने कांग्रेस पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि आम महिलाओं को राजनीतिक अवसर मिलें और प्रतिनिधित्व बढ़े। भाजपा वक्ताओं ने कहा कि भले ही सदन में संख्या बल के अभाव में विधेयक पारित नहीं हो सका हो, लेकिन पार्टी जनता के बीच जाकर कांग्रेस की कुत्सित सोच को उजागर करती रहेगी और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी। प्रेस वार्ता में केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर संजू देवी राजपूत, डॉ. राजीव सिंह, अजय विश्वकर्मा, प्रीति स्वर्णकार एवं संतोषी दीवान मौजूद रहे।






# बालको ने फायर सर्विस सप्ताह के माध्यम से अग्नि सुरक्षा जागरूकता को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फायर सर्विस सप्ताह के दौरान बालको कर्मी।

वेदांता समूह कंपनी बालको ने सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज थीम के तहत राष्ट्रीय फायर सर्विस सप्ताह का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा जागरूकता, आपातकालीन तैयारी और घटनाओं की रोकथाम को मजबूत करना था। इसमें कर्मचारियों, व्यापारिक साझेदारों, स्कूली छात्रों और समुदाय के सदस्यों सहित 11 सौ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि अग्नि सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए निरंतर सतर्कता और तैयारी आवश्यक है। बालको में हम जागरूकता बढ़ाने, क्षमताओं का निर्माण करने और ऐसी प्रणालियाँ विकसित करने पर जोर दे रहे हैं, जो त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करें। अपने कर्मचारियों और समुदाय के साथ सतत जुड़ाव के माध्यम से हम एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण का निर्माण करना चाहते हैं। अभियान का समापन विभिन्न विभागों के उन कर्मचारियों और टीमों को सम्मानित कर किया गया, जिन्होंने प्लांट परिसर में अग्नि सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस आयोजन में कोरबा क्षेत्र की अन्य औद्योगिक इकाइयों जैसे एनटीपीसी लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया, जो क्षेत्रीय सुरक्षा तैयारियों के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है। एनटीपीसी कोरबा के सीआईएसएफ फायर विंग के सहायक कमांडेंट शिवेंद्र कुमार ने कहा कि बालको की फायर सेफ्टी टीम ने बार-बार आपात स्थितियों में उत्कृष्ट दक्षता और संयम का परिचय दिया है। कोरबा की नागरिक प्रशासनिक इकाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उन्होंने हर जरूरत के समय महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है। समुदाय और स्कूलों को प्रशिक्षण देने की उनकी पहल दूरदर्शी नेतृत्व का उदाहरण है, जो सामूहिक सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान टीम ने 2 सौ से अधिक आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया दी। तेज और प्रभावी आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए क्विक रिस्पॉन्स वाहन की खरीदारी। 55 सौ से अधिक लोगों को फायर एक्सटिंग्विशर उपयोग, सीपीआर और आपातकालीन प्रतिक्रिया तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।

### सीजी बोर्ड के 10वीं व 12वीं के रिजल्ट जल्द होंगे जारी

**कोरबा।** सीजी बोर्ड के 10वीं और 12वीं के छात्रों का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है। शिक्षा मंडल जल्द ही 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर सकता है। बताया जा रहा है कि उत्तर पुस्तकिताओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। जिसक बाद अब रिजल्ट बनाने का काम तेज से हो रहा है। जिसके बाद इसके नतीजे अब इसी महीने के आखिरी तारीख को परिणाम जारी हो सकता है फिर एक मई को परिणाम आ सकता है। हालांकि अभी तक एक तारीख तय नहीं हुई है। लेकिन बताया जा रहा है कि इसी महीने के अंतिम दिन या फिर एक मई को परिणाम आ सकता है।

**न्यायालय (श्रीमती मधु तिवारी) प्रथम जिला न्यायाधीश कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार**

प्रियंका साहू — वादी/आवेदक
विरुद्ध
तुलसी साहू — प्रतिवादी/अनावेदक
बनाम
आम जनता जो हितबुद्ध हो

प्रकरण क्रमांक-अपंजीकृत
प्रोसेस क्रमांक 636/2026
पेशी तारीख 27/06/2026

वादी/आवेदक प्रियंका साहू के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक तुलसी साहू के विरुद्ध धारा 05 म्याद अवधि अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश कटघोरा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 27-06-26 की तिथि है। अतः प्रतिवादी/अनावेदक तुलसी साहू आम जनता को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 27-06-26 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करे अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। नोट- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। यह आज तारीख 23-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

दिनांक 23-04-26

**(श्रीमती मधु तिवारी)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश कटघोरा,**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**






## छात्राओं ने सीखा मार्शल आर्ट के गुर



**कोरबा।** शासकीय माध्यमिक शाला साडा में 11 अप्रैल से मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भारत विकास परिषद की महिला शाखा द्वारा विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आत्मरक्षा के गुर सिखाना तथा उनमें आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना विकसित करना है। इस प्रशिक्षण में विद्यालय के कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षक महेश देवांगन एवं पूजा मिश्रा द्वारा शारीरिक व्यायाम एवं अन्य मार्शल आर्ट तकनीकों का अभ्यास कराया गया, जिसमें छात्राओं ने शारीरिक शिक्षा तथा अपनी सुरक्षा के महत्वपूर्ण कौशल सीखे। प्रधानपाठक बीएल देवांगन ने कहा कि मार्शल आर्ट प्रशिक्षण छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल उन्हें शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त करता है। विद्यालय की शिक्षिका सविता राठौर द्वारा बताया कि यह आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 9 तक 15 दिवस के लिए संचालित किया गया है।




## खबर संक्षेप

### ग्रीष्म ऋतु में लू एवं तापघात से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी

**कोरबा।** शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा कलेक्टर द्वारा वर्ष 2026 की ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए लू (हीट वेव) से बचाव और तैयारी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार इन उपायों का मुख्य लक्ष्य भीषण गर्मी के दुष्प्रभावों से आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। निर्देशों के अनुसार राज्य, जिला, तहसील और विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करेंगे और आवश्यक चेतावनी एवं सूचना प्रसारित करेंगे। लू से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार रेडियो, टेलीविजन, व्हाट्सएप सहित स्थानीय भाषा के पोस्टर एवं पैम्पलेट के माध्यम से किया जाएगा। गर्मी की तीव्रता को देखते हुए विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं मनरेगा श्रमिकों के कार्य समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। तापघात के लक्षणों में तेज सिरदर्द, सिर में भारीपन, तेज बुखार, मुंह का सूखना, शरीर का तापमान बढ़ने पर भी पसीना न आना, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, शरीर में दर्द, अत्यधिक प्यास लगना और पेशाब कम होना प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के लिए टास्क फोर्स गठित

**कोरबा।** ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के संचालन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अभियान के तहत प्राचीन पाण्डुलिपियों की पहचान और उनके दस्तावेजीकरण के लिए अनुभाग स्तर पर टास्क फोर्स एवं समितियों का गठन किया गया है। अपर कलेक्टर कटघोरा द्वारा जारी आदेशानुसार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में गठित इस समिति में सम्बंधित तहसीलदार सचिव सदस्य एवं सम्बंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जनपद एवं नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही स्थानीय जानकारों, समाजसेवियों पत्रकारों, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाया गया है। यह समिति अनुविभाग स्तरीय बैठक व गतिविधियां, पांडुलिपि का चिन्हांकन व सर्वेक्षण हेतु सर्वेक्षकों के प्रशिक्षण सुनिश्चित करेगी एवं पाण्डुलिपियों के चिन्हांकन की निगरानी करेगी।

### ढुरेना में तालाब का होगा सौंदर्यीकरण, हुआ भूमिपूजन

हरदीबाजार। ग्राम पंचायत ढुरेना में सीएसआर मद से लगभग 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाले तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। यह परियोजना न केवल ग्राम के प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाएगी, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती सुभद्रा कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। तालाब का सौंदर्यीकरण पूर्ण होने के बाद यह क्षेत्र ग्रामीणों के लिए एक आकर्षक स्थल बनेगा, साथ ही जल स्तर को बनाए रखने और आसपास के पर्यावरण को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह कार्य ग्राम के समग्र विकास और स्वच्छ, सुंदर एवं समृद्ध गांव की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### पम्प हाउस कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस कॉलोनी एसईसीएल के पानी टंकी क्षेत्र में 27 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें चेस्ट एक्स-रे सहित विभिन्न प्रकार का परीक्षण फ्री किया जाएगा। इसके साथ ही लोगों को दवाई दी जाएगी। इसे एक्सप्रेस हेल्थ चेकअप कैंप का नाम दिया गया है। क्षेत्र के पार्षद रामकुमार साहू ने बताया कि सुबह 9 से यह कैंप प्रारंभ होगा और दोपहर 2 बजे तक चलेगा। अधिकतम लोगों से अपील की गई है कि वह यहां पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ प्राप्त करें।

# औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं पावर प्लांट सुरक्षा मानकों का कड़ाई से करना होगा पालन

## जिले के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं पावर प्लांट की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**

- सभी आवश्यक उपकरणों एवं मशीनों की उपलब्धता व सुचारू संचालन का रखें ध्यान



कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर ओंकार यादव ने सक्ती जिले के ग्राम सिंघीतरई में हुई दुर्घटना के मद्देनज़र सभी प्रतिष्ठानों को सतर्क रहने तथा औद्योगिक एवं पावर प्लांट सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोरबा एक औद्योगिक जिला है, यहाँ सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सुरक्षा नियमों के प्रति कठोरता आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की सुरक्षा हेतु निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक उपकरण एवं मशीनें उपलब्ध और सुचारू रूप से कार्यरत होनी चाहिए। भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो, इसके लिए सभी उद्योग आवश्यक सावधानियाँ एवं सुरक्षा व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों और पावर प्लांट में सुरक्षा संबंधी जो भी कमियाँ हैं, उन्हें तुरंत सुधारें। उन्होंने अग्निशामक यंत्र, फायर अलार्म, मशीनों का उचित संचालन, उपकरणों का रखरखाव, बॉयलर, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा मापदंड तथा कचरा प्रबंधन आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने दुर्घटना की स्थिति में रेड, ग्रीन और येलो जोन निर्धारित करने का सुझाव दिया। साथ ही आपात स्थिति के दौरान संपर्क किए जाने वाले अधिकारियों, अस्पताल तथा अन्य आवश्यक नंबरों को कार्यस्थल पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं पावर प्लांट में तकनीकी प्रक्रियाओं एवं कार्यों का सतत निरीक्षण अनिवार्य है। वायु प्रदूषणकारी उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण हेतु एएसपी, डस्ट कलेक्शन सिस्टम, फिल्टर, जल छिड़काव व्यवस्था होनी चाहिए। अपर कलेक्टर ने बताया कि कलेक्टर ने वाहन चालकों सहित अन्य जिम्मेदारी निभाने वाले कर्मचारियों की आँखों की जाँच कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

## जितनी जमीन उतनी ही मिलेगी खाद

# अब निजी दुकानों से भी खाद लेने के लिए किसानों को टोकन की पड़ेगी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सहकारी समितियों की तर्ज पर अब किसानों को किसी निजी दुकानों से भी मनमानी तरीके से खाद नहीं मिल पाएगी। इसके लिए मोबाइल एप से किसानों को टोकन लेना होगा। उक्त आधार पर निजी दुकानदार खाद दे सकेंगे और जितनी जमीन किसानों की होगी उस आधार ही खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

**खास बात**

- सहकारी समिति की तरह निजी दुकानों में भी टोकन जरूरी


फाइल फोटो

जिले में खरीफ फसल की तैयारी को लेकर खाद का भंडारण शुरू हो गया है। इस वर्ष खाद को लेकर किसानों को नए नियमों से गुजरना होगा। कृषि विभाग के अनुसार खाद का भंडारण किया जा रहा है। फिलहाल कटघोरा व उरगा के गोदामों में खाद का भंडारण करने के बाद सहकारी समितियों में इसका भंडारण होगा। किन्तु खाद के उठाव के लिए इस वर्ष से नई व्यवस्था लागू हो सकती है। पूर्व में सहकारी समितियों में ही टोकन के आधार पर किसानों को खाद की सुविधा मिल जाती थी। सहकारी समितियों में खाद का संकट होने पर किसान खुले बाजार में मनमाने तरीके से खाद की खरीदी करते थे। इस वर्ष खाद की आपूर्ति में गहराते संकट के मद्देनजर सरकार नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। पिछले वर्ष से ही इसकी तैयारी कर ली गई थी। इस वर्ष इसे लागू किया जा रहा है। इन नियमों के तहत किसानों को धान खरीदी की तर्ज पर अपने मोबाइल एप पर टोकन लेना होगा। उक्त टोकन लेने के बाद ही किसानों को समितियों से खाद दी जाएगी। उतनी ही खाद किसानों को मिलेगी, जितनी उनकी जमीन है। इसी तरह अब निजी दुकान में भी खाद की खरीदी के लिए टोकन अनिवार्य कर दिया गया है। व्यवसायी अब टोकन के आधार पर ही किसानों को खाद उपलब्ध कराएंगे।

### एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

किसानों को अब धान खरीदी की तरह एग्रीटेक पोर्टल में भी पंजीयन कराना होगा। जिन किसानों का एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन होगा उन्हें ही खाद उपलब्ध करायी जाएगी। बीते वर्ष धान खरीदी के दौरान एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन को लेकर किसानों के दस्तावेजों में सुधार नहीं होने के उनका पंजीयन नहीं हुआ। इससे कुछ किसान धान बेचने से वंचित भी हो गए थे। धान बेचने के लिए 40 हजार से अधिक किसानों ने एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन कराया था। हालांकि दस्तावेज सुधार के लिए अतिरिक्त समय दिए जाने पर 3 हजार से अधिक किसानों ने पुनः पंजीयन कराया। कुछ किसान अभी भी पंजीयन से बाहर हैं।

### कहां कितनी खाद

| खाद | उरगा | कटघोरा |
|---|---|---|
| यूरिया | 365.40 | 310.50 |
| डीएपी | 16.30 | 00 |
| एमओपी | 37.50 | 30.25 |
| एसएसपी | 62.45 | 100 |
| एनपीके | 48 | 0 |
| कुल | 529.65 | 440.75 |

**नोट** : खाद भंडारण मैट्रिक टन में

# अलग अलग सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- कटघोरा-कसनिया व भारतमाला सड़क पर हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दुरपा रोड निवासी प्रज्वल राठौर पिता रोहित राठौर उम्र 25 वर्ष अपनी कार में सवार होकर अपने रिश्तेदार को देखने के लिए रायपुर जा रहा था कि भारतमाला मार्ग पर अचानक एक मवेशी सामने आ जाने की वजह से कार अनियंत्रित हो गया और बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय राहगिरों की मदद से उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के कटघोरा-बिलासपुर मार्ग पर कसनिया के पास घटित हुई है। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत लाटा बस्ती निवासी 22 वर्षीय प्रवेश यादव अपने दो दोस्तों के साथ पल्सर बाइक पर सवार होकर कटघोरा के आगे सुतर्रा गांव एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के बाद तीनों युवक देर शाम वापस दर्री लौट रहे थे। इसी दौरान कसनिया मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे गंभीर रुप से घायल प्रवेश यादव को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान प्रवेश यादव की मौत हो गई। दोनों ही मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# महिला के साथ मारपीट व धमकी देने वाले आरोपी को कट्टे के साथ गिफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कट्टे के साथ आरोपी।

पुलिस सहायता केंद्र जटगा क्षेत्र अंतर्गत एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि एक अधेड़ द्वारा उसे द्वारा गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी एवं मारपीट किया गया है। मामले में पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की खोजबीन की जा रही थी। जांच के दौरान आरोपी हुसैन थाना मुस्करा जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश निवासी राजेश दुबे पिता स्व देवी शरण उम्र 43 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो उसने अपना जुर्म कबूल किया। राजेश दुबे की तलाशी के दौरान पुलिस को एक देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत भी वैधानिक कार्यवाही की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मलेरिया मच्छरों के काटने से होने वाला एक गंभीर रोग है, जिसके प्रमुख लक्षण कंपकपी के साथ तेज बुखार हैं। यह बीमारी विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक पाई जाती है, लेकिन उचित सावधानियाँ अपनाकर इससे बचाव संभव है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है, ताकि लोगों में इस रोग के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़े और वे स्वयं तथा अपने परिवार को सुरक्षित रख सकें। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आज 25 अप्रैल को जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्डों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी लोगों को दी गई। इसके साथ ही मलेरिया संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों से अपील की कि मलेरिया के किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर रक्त जांच अवश्य कराएं। मलेरिया रोधी दवाएं जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें और समय पर उपचार लेकर स्वयं व अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

**खास बात**

- जिला मुख्यालय सहित सभी ब्लाकों में जागरुकता कार्क्रम चलाया गया

# शव वाहन का चालक शराब के नशे में था धुत, यातायात पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा अंबिकापुर मुख्यमार्ग में एक एंबुलेंस चालक शराब पीकर वाहन चला रहा था।

**खास बात**

- जनवरी से अब तक जिले में धारा 185 के तहत 569 प्रकरण किए गए दर्ज


शव वाहन के साथ पकड़ा गया चालक।

यातायात पुलिस ने जब उसे रोक कर उसकी जांच की तो शराब के नशे में धुत्त पाया गया। जिसपर यातायात पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस जब्त कर चालक के खिलाफ धारा 185 के तहत कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार रायपुर देवेंद्र नगर निवासी भरत शर्मा पिता विमल शर्मा मेकाहारा से अपने शव वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूआर 4506 में शव लेकर उदयपुर गया हुआ था। जहां से वापस लौटने के दौरान रविवार को वह शराब पीकर वाहन चला रहा था। इस बीच हाईवे पर जांच कर रही यातायात सउनि रामनारायण रात्रे ने उक्त शव वाहन को रोककर जब शराब मापक यंत्र से भरत की जांच की तो वह शराब के नशे में धुत्त पाया गया। जिसपर पुलिस ने धारा 185 के तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में शंकर धर जायसवाल, राकेश साहू, मनोज आयाम, देवेंद्र मरावी शामिल थे। इसी तरह जिला पुलिस ने पिछले 1 जनवरी से 24 अप्रैल तक धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कुल 569 प्रकरणों में सख्त कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान जनसुरक्षा के प्रति गंभीर खतरा उत्पन्न करने वाले 154 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु प्रकरण संबंधित आरटीओ कार्यालय को पत्र भेजा गया है। पुलिस स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि नशे की हालत में वाहन चलाते पाया गया है तो त्वरित कार्यवाही की जाएगी।




## 30 अप्रैल तक करना होगा डिजिटल स्व-गणना पत्रक

# उद्योग मंत्री व महापौर ने मोबाइल में भरा डिजिटल स्व-गणना पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनगणना के अंतर्गत उद्योग व श्रम मंत्री एवं महापौर ने अपने अपने निवास पर अपने स्वयं के मोबाईल में डिजिटल स्व-गणना पत्रक भरा तथा समस्त नागरिकबंधुओं से अपील की कि 30 अप्रैल तक वे अपने मोबाईल में स्व-गणना पत्रक भर लें, 1 मई से शासन द्वारा नियुक्त व प्रशिक्षित प्रगणक घर-घर पहुंचेगे एवं आपके द्वारा भरे हुये स्व-गणना पत्रक का परीक्षण कर वेरिफाई करेंगे एवं मकान सूचीकरण व विवरण दर्ज करेंगे।

उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के पहले चरण में 16 से 30 अप्रैल तक डिजिटल रूप से स्व-गणना पत्रक नागरिकों के द्वारा भरा जाना है, तत्पश्चात 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण व मकानों की गणना आदि के विवरण प्रगणकों द्वारा दर्ज किये जाएंगे। इसी कड़ी में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने अपने निवास में डिजिटल रूप से अपने मोबाईल में स्व-गणना पत्रक भरा तथा डिजिटल रूप से पूछे गये प्रश्नों के सही उत्तर दर्ज किये। उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत ने आमजन से अपील करते हुये कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इस जनगणना में हम सबको स्वयं डिजिटल रूप से स्व-गणना पत्रक भरने तथा डिजिटल रूप से पूछी गई जानकारी दर्ज करने की व्यवस्था भी है। उन्होंने कहा कि इसके लिये 30 अप्रैल तक का समय निर्धारित है, तत्पश्चात 1 मई से शासन द्वारा नियुक्त प्रगणक आपके पास पहुंचेगे तथा मकान सूचीकरण, मकानों की गणना व आपके द्वारा भरे गये डिजिटल स्व-गणना पत्रक को वेरिफाई करेंगे, 1 से 30 मई तक की अवधि में प्रगणक आपके घर जाकर जानकारी अवश्य दर्ज करेंगे।



मोबाइल एप मं डिजिटल स्वगणना की जानकारी देते उद्योग मंत्री व मेयर।



